>

Title: Need to declare the Right Coast Canal Project of Baragi Dam on Narmada river in Jabalpur Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर): सभापति महोदय, धन्यवाद। महोदय, मैं जिस संसदीय क्षेत्र से चुनकर आता हूं, वहां विश्व की सर्वाधिक प्राचीन नदी, नर्मदा नदी, प्रवाहित होती है। उस नदी पर बरगी नामक स्थान पर पैंतीस वर्ष पहले तत्कालीन सरकार ने बांध बनाया था। उसे बरगी बांध कहते हैं। उस समय उसका जो उद्देश्य बताया गया था, वह यह था कि कृषि क्षेत्र को लाभ पहुंचे, सिंचाई की सुविधाएं मिलें और साथ में विद्युत उत्पादन हो। लेकिन, उसमें योजना बिल्कुल भी नहीं की गयी और उसका दुर्भाग्यजनक पहलू यह है कि उसमें दो तरफ से नहरें बननी थीं - बायीं तट नहर, और दायीं तट नहर। अभी 13 तारीख को मैं और हमारे माननीय मुख्यमंत्री, और अन्य जनप्रतिनिधियों ने वहां दायीं तट नहर का निरीक्षण किया। हम नहर ढूंढ़ रहे थे कि इसमें नहरें कहां हैं जो उस स्थान पर बनी हुई बताई गयी। कई जगह नहरें नालियों के रूप में मिलीं और कई जगह जहां नहरें होनी चाहिए थीं, वहां पर हमें खेत दिखाई दिए। इसकी जो दायीं तट नहर है, यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसमें कछारों को जोड़ने और जलापूर्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्य आते हैं। यह नहर नर्मदा नदी से गंगा नदी के कछारों को जोड़ती है। मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी प्राथमिकता में कृषि क्षेत्र और विशेष रूप से सिंचाई को सबसे ऊपर रखा है। इस परियोजना से लगभग साढ़े तीन लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। इस परियोजना का काफी कार्य किया जा चुका है। किन्तु, राज्य सरकार के हरसंभव प्रयास के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के कारण आर्थिक रूप से बड़ी इस परियोजना को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। अतः मध्य प्रदेश सरकार ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का केन्द्र सरकार से आग्रह किया है। मैंने 21 जुलाई, 2009 को लोक सभा में नियम 377 के तहत यह मामला उठाया था, जिसके उत्तर में केन्द्र सरकार ने मुझे 26.8.2009 को ही जवाब दिया था कि यदि मध्य प्रदेश सरकार इस सम्बन्ध में प्रस्ताव भेजेगी तो कार्रवाई की जायेगी। मध्य प्रदेश सरकार ने 3 फरवरी, 2010 को प्रस्ताव भेज दिया, जो अभी तक लम्बित है। यदि यह परियोजना राष्ट्रीय परियोजना घोषित हो जाती है तो इस परियोजना को अपने लक्ष्य तक पहुंचाने में आसानी होगी।

बरगी बांध की यह परियोजना इंटर स्टेट प्रोजैक्ट फॉर इन्क्लूज़न अंडर नेशनल प्रोजैक्ट की सभी आवश्यकताओं को पूरा करती है और इसमें किसी भी क्षेत्र में जल के बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं है, परन्तु केन्द्र सरकार ने आज दिनांक तक इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने हेतु कोई कार्रवाई नहीं की है।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि सम्पूर्ण महाकौशल और विंध्य क्षेत्र के विकास हेतु बरगी बांध की दायीं तट नहर को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने में शीघ्र कार्रवाई करे।